# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 363/भण्डार/2025 भोपाल, दिनांक 03/09/25

रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य (परीक्षा पूर्व तथा पश्चात् कार्य ) ऑनलाईन प्रथम निविदा वर्ष - 2025

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं हेतु " रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य (परीक्षा पूर्व तथा पश्चात् कार्य) हेतु ऑनलाईन निविदा वर्ष : 2025 " आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की जानकारी https://mptenders.gov.in पर विजिट करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 10,000.00 (दस हजार मात्र) तथा निविदा प्रतिभूति राशि रु. 6,00,000.00 (छः लाख मात्र) है। इसे ऑन लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रुपये 2,00,00,000.00 (दो करोड़ मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाईट पर दी जायेगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | विवरण | दिनांक | [illegible] |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 03/09/2025 | निविदा संबंधी अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in |
| 02 | Document Download/Start Date | 03/09/2025 | |
| 03 | Pre Bid Meeting Date | [illegible]/09/2025 | |
| 04 | Bid Submission Start Date | 03/09/2025 | |
| 05 | Document Download/Sale End Date | 24/09/2025 | |
| 06 | Bid Submission End Date | 24/09/2025 | |
| 07 | Bid Opening Date | 25/09/2025 | |

निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

## भाग— 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें निविदा संबंधी सामान्य जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साईट www. bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ हेतु उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परिक्षाओं के रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य (परीक्षा पूर्व तथा पश्चात् कार्य) करने के लिए आम त की जा रही है।

1.3 रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य (परीक्षा पूर्व तथा पश्चात् कार्य) की वेदा को वेब साईट https://mptenders.gov.in पर आन लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब साईट पर जावेगी। निविदा का अनुमानित मुल्य रू. 2,00,00,000.00( दो करोड मात्र) है।

1.4 निविदा ऑन-लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 03/09/2025 | निविदा ऑन ईन प्रस्तुत करने तथा खोलने समय वेबसाईट https://mp ders.gov.in पर भी दर्शित है |
| 02 | Document Download/Start Date | 03/09/2025 | |
| 03 | Pre Bid Meeting Date | 10/09/2025 | |
| 04 | Bid Submission Start Date | 03/09/2025 | |
| 05 | Document Download/Sale End Date | 24/09/2025 | |
| 06 | Bid Submission End Date | 24/09/2025 | |
| 07 | Bid Opening Date | 25/09/2025 | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनाक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि नहीं खोली जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3:30 पर खोली जाएगी।

प्रक्रिया-1: निविदा प्रपत्र का मुल्य रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार मात्र) है। निविदा प्रतिभूति राशि रूपये 6,00,000.00 (छः लाख मात्र) है। यह राशि ऑन-लाईन जमा किया जाना है। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है।

आवश्यकतानुसार निविदा प्रपत्र का मुल्य एवं निविदा प्रतिभूति राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया 2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.6 प्रक्रिया-2: तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पाई जाने वाली फर्म की ही तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा के भाग 2 में वर्णित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किए जाना है।

1.7 प्रक्रिया-3: तत्पश्चात् उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पाई जाने वाली फर्म की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा ऑन-लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

## भाग– 2
## निविदा की अर्हकारी शर्ते

2.1 **अनुभवः**–फर्म द्वारा पिछले पॉच शैक्षणिक वर्षो (2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24, 2024–25) में शासकीय/अर्द्धशासकीय/मान्यता प्राप्त संस्थाओं हेतु न्यूनतम 2 राज्यस्तरीय/राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 3 लाख विद्यार्थियों के रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य किन्ही तीन वर्षो में किया हो। संबंधित संस्था को सफलतापुर्वक कार्य पूर्ण करने का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। यदि फर्म द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य किया है तो यह कार्यादेश/प्रमाण पत्र भर कर संलग्न करें।

2.2 **टर्न ओवरः**–पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) में न्यूनतम रू. 04 करोड़ का टर्न ओवर प्रतिवर्ष का होना अनिवार्य हैं। **फर्म को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।**

2.3 **इनकम टैक्सः**– विगत तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न की प्रति प्रस्तुत करें।

2.4 **ब्लैकलिस्टः**– निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/ मान्यता प्राप्त संस्थाओं अथवा इण्डस्ट्री से कभी भी ब्लैक लिस्टेड/प्रतिबंधित नहीं होना चाहिए। ब्लैक लिस्टेड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं।)

2.5 **प्रमाण पत्रः**–

(क) जी.एस.टी. (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।

(ख) PAN CARD की छाया प्रति संलग्न करें।

(ग) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.6 **निविदा प्रपत्रः**–निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 10,000–00 वापसी योग्य नहीं है।

2.7 **कार्यरत स्टाफः**– निविदाकर्ता के पास कम से कम 100 नियमित कर्मचारी कार्यरत होना चाहिए। उनका ई.एस.आई./ई.पी.एफ. क्रमांक सहित जमा का प्रमाण पत्र मार्च 2025 या उसके आगे का संलग्न करें।

2.8 निविदाकर्ता के पास आई.एस.ओ. 27001:2022 एवं 9001:2015 अथवा अद्यतम प्रमाण पत्र तथा CMMI Level III प्रमाण पत्र होना चाहिए। प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें।

2.9 निविदाकर्ता रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य का तकनीकी प्रक्रिया, तकनीकी प्रपत्र के साथ आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। आवश्यक होने पर वि.वि. द्वारा निविदाकर्ता फर्म को डिमास्ट्रेशन के लिए बुलाया जा सकेगा।

2.10 निविदाकर्ता के पास लगभग 50 लाख मूल्य की नेट वर्थ दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में होना चाहिये। जिसे CA से सत्यापित कराकर निविदा के साथ प्रस्तुत करे।

2.11 निविदाकर्ता के पास कम से कम 02 लाख प्रति वर्ष ओ.एम.आर रीडिंग एवं पूर्ण प्रोसेसिंग का अनुभव होना चाहिये। विश्वविद्यालय का प्रमाण पत्र संलग्न करे।

2.12 निविदाकर्ता के पास किसी भी शासकीय संस्थान का ऑन लाईन पेमेन्ट प्राप्त करना एवं देय करने का अनुभव होना अनिवार्य है। संस्था का प्रमाण पत्र संलग्न करे।

## भाग–3 निविदा की अन्य शर्ते

3.1 **निविदाएं निरस्तः–**

3.11 विश्वविद्यालय द्वारा चाही गई अमानत राशि एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियों के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त की जावेगी।

3.2 **अनुबंधः–**

3.21 कार्य आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को अनुमानित निविदा की 3 प्रतिशत(नवीन संशोधित भण्डार क्रय नियम के तहत) राशि की निष्पादन प्रतिभूत (Performance Security Guarantee) एफ.डी.आर./बैंक गारन्टी कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पक्ष में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तो के उल्लघंन पर निष्पादन प्रतिभूत (Performance Security Guarantee) को राजसात कर वि.वि. द्वारा उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

3.22 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.23 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से आगामी 1–1 वर्ष करके पॉच वर्ष तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.24 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो पर्याप्त आधार दर्शाते हुए उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है।

3.3 **निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारीः–**

3.31 रिजल्ट प्रोसेसिंग की सामग्री स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर सफल निविदाकर्ता को उनके स्वयं के व्यय पर वापस की जाएगी। रिजल्ट प्रोसेसिंग के कागज का तकनीकी मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकर्ता फर्म के व्यय पर करवाया जाएगा एवं प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर फर्म को भुगतान किया जाएगा। कागज की गुणवक्ता में प्रत्येक जी.एस.एम की कमी के लिये देयक मूल्य का 1 प्रतिशत कटोत्रा किया जावेगा।

3.32 रिजल्ट प्रोसेसिंग परीक्षा पूर्व तथा परीक्षा पश्चात् कार्य हेतु निविदा की दरें प्रति परीक्षार्थी समस्त प्रकार के कागज, मुद्रण एवं निविदा में दिए गए विवरणनुसार प्रदाय की जाने वाली सामग्री को मिलाकर देना होगी।

3.33 रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.34 प्री.कार्य एवं पोस्ट कार्य के समस्त प्रोसेसिंग की साफ्टकॉपी (डी.व्ही.डी) विश्वविद्यालय द्वारा बताए प्रारूप में एवं अंकसूची विश्वविद्यालय को परीक्षा परीणाम के साथ उपलब्ध करानी होगी।

3.35 **अंकसूची में निम्नानुसार सुरक्षा मापदण्ड होने चाहिएः–**

1. अंकसूची का कागज Non tearable 200 GSM thickness synthetic resing paper made of polyethylene terephthalate साईज ए–4 होना चाहिए।
2. कागज का कलर सफेद होना चाहिए(Whiteness index 80% should be water/salt water/high moisture & chemical resistant)

3. अंकसूची में छात्र के डाटा का Quick Response code अथवा बार कोड होना चाहिए।
4. अंकसूची के कागज में बैंक ग्राउण्ड में विश्वविद्यालय के मोनो का वाटर मार्क होना चाहिए। अंकसूची में यू.व्ही. मोनो मुद्रित होना चाहिए।
5. अंकसूची में 3 डी होलोग्राम होना चाहिए। अंकसूची में छात्र का फोटोग्राफ होना चाहिए।
6. अंकसूची की हूबहू रंगीन फोटोकॉपी नही होना चाहिए एवं कॉपी करने पर कॉपी में आडे शब्दों मे कापी अंकित आना चाहिए इसके लिए सुरक्षा मापदण्ड निर्धारित किया जाना अनिवार्य होगा।
7. अन्य सुरक्षा मापदण्ड सफल निविदाकर्ता को गोपनीय के उद्धेश्य से अनुबंध के समय बताए जायेगें जिन्हें सफल निविदाकर्ता के मान्य करना आवश्यक होगा।

3.36 **टेबूलेशन रजिस्टर में निम्नानुसार सुरक्षा मापदण्ड होना चाहिए।**

1. टेबूलेशन का रजिस्टर का साईज 15"x 12" होना चाहिए।
2. प्रत्येक पृष्ठ पर सहा–कुलसचिव (गोपनीय) के हस्ताक्षर की पद मुद्रा अंकित होना चाहिए।
3. प्रत्येक पृष्ठ पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का मोनो बेकग्राउण्ड में मुद्रित होना चाहिए।
4. टेबुलेशन का रजिस्टर का कागज 70, 60, 60 जी.एस.एम. (क्रमशः तीन प्रतियों मे) होना चाहिए प्रत्येक जी.एस.एम की कमी के लिए 1 प्रतिशत दंड अधिरोपित किया जावेगा।

3.37 परीक्षा परिणाम घोषित करते समय यदि अंकसूची में कोई त्रुटि होती है तो उस त्रुटि को सुधार कर पुनः अंकसूची आपूर्तिकर्ता द्वारा एक सप्ताह में प्रदान की जाएगी जिसका व्यय सफल निविदाकर्ता द्वारा वहन किया जावेगा एवं प्रत्येक त्रुटि के लिए नियत दर **(प्रति छात्र)** का 50 प्रतिशत दंड अधिरोपित होगा।

**परीक्षा परिणाम मे किसी कारणवश** विश्वविद्यालय द्वारा सुधार **किया** जाता है **और उसके परिणाम स्वरुप नवीन अंक सूची बनाई जाती है तो निविदा कर्ता को उसका प्रति छात्र**(post Examination) **की दर से अतिरिक्त भुगतान किया जावेगा।**

3.38 अंतिम डाटा के विश्वविद्यालय द्वारा हस्तान्तरण के एक सप्ताह के अंदर रिजल्ट प्रोसेस कर दिया जाना होगा साथ ही रिजल्ट की डी.व्ही.डी. तथा ऑन–लाईन या अन्य निर्धारित माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप C.S.V/MS Access/Excel (M.S Excel/SQL Server) में प्रस्तुत करना होगा।

3.39 प्रत्येक रिजल्ट की महाविद्यालय अनुसार एवं क्लास अनुसार पी.डी.एफ. फाइल डी.व्ही.डी. में तथा ऑन–लाईन अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में देना आवश्यक हैं इसके बाद ही देयक का भुगतान किया जावेगा।

3.40 समस्त अभिलेखों के अंतिम संशोधन डाटा की साफ्ट कॉपी (UN-Editable) एवं ओ.एम.आर. शीट की कोडिंग का पूर्ण विवरण/ फार्मूला विश्वविद्यालय को परीक्षा के पश्चात देना होगा। जिसके उपरांत ही भुगतान स्वीकृत की जा सकेगी।

3.41 **उत्तर पुस्तिका पर लगी हुई** ओ.एम.आर. शीट **द्वारा** मुल्यांकन होने पर परीक्षकों का विवरण भी आपूर्तिकर्ता को रीड एवं प्रोसेस कर परीक्षकों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक की लिस्टि प्रिन्ट कर विश्वविद्यालय को परीक्षा के परिणाम के साथ देना होगी। इसके बाबद सभी परीक्षकों की मास्टर

फाईल अनुसार ऑन लाईन भुगतान की प्रक्रिया के लिऐ **सॉफ्टवेयर** तैयार करना एवं **लेखा शाखा** के लिए उपलब्ध कराना होगा । परीक्षकों की मास्टर फाईल बनाने का कार्य भी सफल निविदाकर्ता को ही सम्पादित करना होगा। **वर्तमान मे लगभग 10,000 मूल्यांकन कर्ता (परीक्षक) है।**

3.5 **वित्त संबंधीः–**

3.51 परीक्षा पूर्व **एवं** परीक्षा पश्चात **तथा** अन्य कार्यो के लिए प्रपत्र ए–2 में दरों का उल्लेख है यह दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि आवश्यक हो तो लगने वाले कर का पृथक से उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र ए–2 में देंवे। विश्वविद्यालय द्वारा देयकों के भुगतान के समय लागू करों का भुगतान किया जावेगा।

3.52 आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी.डी.एस. एवं नियमानुसार किए जाने वाले अन्य करों की कटौती / वसूली उपरांत भुगतान किया जावेगा।

3.53 यदि परीक्षा पूर्व **एवं** परीक्षा पश्चात **तथा** अन्य कार्यो की दरें अलग–अलग फर्म की प्राप्त होती है तो इनका योग करने पर जिस फर्म की दर का योग न्यूनतम होगा, उसी फर्म से सभी कार्य कराया जावेगा।

3.6 **दण्ड अधिरोपणः–**

3.61 **कार्य संतोषजनक न होनाः–** कार्य संतोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नही करने की स्थिति में निविदाकर्ता को दिया गया कार्यादेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में देय भुगतान से अधिकतम कुल 15 प्रतिशत कटौती की जावेगी। कागज के GSM में कमी के लिए देय कटौत्रा इसके अतिरिक्त होगा।

3.62 **कार्य में विलम्ब एवं सामग्री के त्रुटिः–**

**(1) प्रति त्रुटि पर प्रति यूनिट की दर का 50 प्रतिशत + सही कॉपी समय सीमा में देवे।**

(2) **विलम्बः–** वि.वि. द्वारा नियत समय सीमा से देयक की कुल राशि का 1.0 प्रतिशत प्रतिदिन के मान से बिन्दु क्र. 3.38 तथा 3.39 में विलंब के लिए लागू होगा। विलंब हेतु कुल दण्ड 15 प्रतिशत से अधिक नही होगा।

(दण्ड अधिरोपित करने अथवा ना करने का निर्णय कुलगुरु जी के विवेकाधीन होगा।)

3.63 **निविदा निष्पादित करने में असफल होनाः–**यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा रिजल्ट प्रोसेसिंग का प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति (Performance Security Gurantee) राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी एवं निविदा अवधि में अनुबंध निरस्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा वहन की गई अतिरिक्त लागत की उत्तरदायित्व भी निरस्त हुए निविदाकर्ता का होगा।

3.64 **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों में गलती पाए जाने पर:–**निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाए जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी।

3.65 अन्य शर्तो का पालन न करना:– उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर दडं अधिरोपित करने एवं लागू दर पर कटौती का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.7 **मान्य नही होने पर:–**

3.71 जो निविदा मान्य नही होगी उनकी निविदा प्रतिभूति की राशि नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत लौटा दी जावेगी।

3.72 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा प्रतिभूति तथा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Security Gurantee) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.8 **बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन के विशेषाधिकार:–**

3.81 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकतम टर्न ओवर वाली फर्म के सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नही होगी।

3.82 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल प्रशासन का निर्णय अंतिम होगा।

3.83 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार कुलसचिव, बरकतउल्ला वि.वि. में सुरक्षित है।

3.84 निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।

3.85 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल होंगे।

3.86 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग–4 रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य का विवरण

01. निम्न प्रकार की परीक्षाओं का संपूर्ण कार्य जो रिजल्ट प्रॉसेसर द्वारा संपादित किया जाएगा।

1. रिजल्ट प्रोसेसिंग के विभिन्न सॉफ्टवेयर मॉड्यूल्स होंगे जो रिजल्ट प्रॉसेसर को डेवलेप करना होंगे एवं भिन्न–भिन्न परीक्षाओं में उपयोग से लाए जाएंगे।

   i) वार्षिक रिजल्ट मॉड्यूल्स– यह भी स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं को प्रोसैस करता है।

   ii) सेमेस्टर रिजल्ट मॉड्यूल्स– यह सभी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं प्रोफेसनल परीक्षाओं को प्रोसैस करता है।

   iii) यू.टी.डी. रिजल्ट मॉड्यूल्स– यह सभी प्रकार की परीक्षाए जो यू.टी.डी. में आती है उन्हें प्रोसैस करता है।

   iv) मेडिकल रिजल्ट मॉड्यूल्स– यह भी मेडिकल परीक्षाओं को प्रोसैस करता है।

   v) एन.ई.पी. वार्षिक रिजल्ट मॉड्यूल्स– यह सभी एन.ई.पी. वार्षिक परीक्षाओं को प्रोसैस करता है।

   vi) एन.ई.पी. सेमेस्टर रिजल्ट माड्यूल्स– यह सभी एन.ई.पी. सेमेस्टर परीक्षाओं को प्रोसैस करता है।

   vii) यह सभी "MOOC Courses" एवं SWAYAM PORTAL" के विषयो को लेते हुए रिजल्ट को प्रोसैस करता है।

   viii) यदि कोई नए प्रकार की परीक्षा विश्वविद्यालय में शामिल हो तो।

02. <u>परीक्षा पूर्व किए जाने वाले कार्य</u>

परीक्षा पूर्व कार्यो में फोटोयुक्त नामावली (नामीनल रोल) मुद्रण, प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) एवं विषयावर–केन्द्रवार परीक्षार्थी संख्या विवरण पत्रक इत्यादि अन्य संबंधित कार्य किए जाने होंगे। उपरोक्त नमूने विश्वविद्यालय में देखे जा सकते है। परीक्षा पूर्व कार्यो में जिस प्रकार व पत्रक एवं संख्या विश्वविद्यालय को दी जानी है। विवरण निम्नानुसार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | रोल सूची (रोल लिस्ट) जिसमें सारांश (समरी) प्रायोगिक विषयों सहित (70 जी.एस.एम.) | 2 प्रति में |
| 2 | उपरोक्त सारांश (समरी) रोल लिस्ट के साथ | 2 प्रति में |
| 3 | स्कीम ऑफ एक्जामिनेशन ( Scheme of Examination) (70 जी.एस.एम.) | 2 प्रति में |
| 4 | प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) यदि आवश्यक हुआ तो<br>प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए पृथक प्रवेश पत्र जिसमें परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण एवं परीक्षा से संबंधित अन्य विवरण जैसे:– कालेज का नाम, परीक्षा केन्द्र, अनुक्रमांक (रोल नम्बर), नामांकन नम्बर (इनरोजमेन्ट नम्बर) परीक्षार्थी द्वारा लिए गए विषय, विषयवार परीक्षा की समय सारिणी, छात्र का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आदि विश्वविद्यालय द्वारा नियत प्रारूप में मय फोटोग्राफ के ऑन–लाईन विश्वविद्यालय के आई.टी. प्रभारी से संपर्क कर अपलोड करेगें। | 1 प्रति में |
| 5 | **विषयवार केंद्रवार परीक्षा दिनांक वार संख्यात्मक पत्रक एवं केंद्रवार पैकेट समरी उपलब्ध करना।** | |
| 6 | अन्य कोई रिपार्ट आवश्यकतानुसार (70 जी.एस.एम.) | 1 प्रति में |

## 03.परीक्षा पश्चात किए जाने वाले कार्य

| रिजल्ट प्रोसेसिंग के लिए दिए जाने वाले इनपुट (सामग्री) | |
|---|---|
| विश्वविद्यालय द्वारा जो इनपुट रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य के लिए दिए जायेंगे वे इस प्रकार है। | |
| 1 | सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा के लिए उत्तरपुस्तिका पर कोड की हुई ओ.एम.आर. शीट (A,B & C Part)जिस पर पूर्व से ही उत्तरपुस्तिका प्रदाय के वक्त सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी अंकित होगी एवं परीक्षक द्वारा दिए गए प्राप्तांक यथा स्थान पर पूर्व निर्धारित तरीके से अंकित किए होंगे। परीक्षार्थी के प्राप्तांकों को ओ.एम.आर.शीट द्वारा कम्प्यूटर से रीड/पढ़ कर डॉटा प्रोसेस किया जायेगा।<br>अथवा<br>सेमेस्टर तथा अन्य परीक्षायें जैसे वार्षिक, पत्राचार, यू.टी.डी. आदि के लिए परीक्षार्थी के प्राप्तांकों को पर्ण/प्रतिपर्ण द्वारा एंट्री कर डॉटा प्रोसेस किया जाएगा। DOUBLE Entry System |
| 2 | इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि उत्तरपुस्तिकाओं की छपाई या किसी अन्य कारण से आपूर्तिकर्ता ओ. एम.आर. शीट को कम्प्यूटर से पढ़ने मे अक्षम है तो ऐसी परिस्थिति मे आपूर्तिकर्ता स्वयं इसे मेन्युअली एंट्री करवाकर रिजल्ट बनवायेंगे। उनका यह कहना कि कम्प्यूटर ओ.एम.आर. शीट नही पढ़ रहा है तो विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नही किया जाएगा और ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्ता इसे स्वयं के स्थान एवं व्यय पर मेन्युअली डॉटा प्रविष्टि करवाकर नियमित समय पर पूर्ण करेंगे। |
| 3 | आपूर्तिकर्ता ऑन-लाईन आन्तरिक मूल्यांकन/कन्टीन्यूअस कॉम्प्रेहेन्सिव इवेल्यूएशन (सी.सी.ई.)/प्रेक्टिकल/प्रोजेक्ट अंक एवं अन्य अंक विश्वविद्यालय की वेबसाईट प्रभारी से संबंध स्थापित कर प्राप्त करेगें। |
| 4 | एन.ई.पी परीक्षाओं के अन्तर्गत होने वाली फाउण्डेशन कोर्स की परीक्षाओं की ओ.एम.आर शीट को रीड कराना, उसकी key अनुसार मूल्यांकन कर पर्ण/प्रतिपर्ण तैयार कराना एवं रीजल्ट बनाने में उसका उपयोग कराना । |

**04 विश्वविद्यालय को जो आउटपुट रिजल्ट प्रोसेस करके आपूर्तिकर्ता द्वारा दिया जायेगा वे इस प्रकार है:-**

| रिजल्ट प्रोसेसिंग के बाद आपूर्तिकर्ता द्वारा दिए जाने वाले आउटपुट (सामग्री) | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | टेबुलेशन रजिस्टर कम्प्यूटर द्वारा (मय विश्वविद्यालय के मोनो) | 70, 60, 60 जी.एस.एम. पेपर पर (क्रमशः) | 03 प्रति में |
| 2 | परीक्षा परिणाम पत्रक (रिजल्ट शीट) जिसमें (पास/रोके गए परिणाम/यू.एफ.एम./पूरक आदि) विषय साथ अंकित हो। | 70 जी.एस.एम. ए-4 पेपर पर | 02 प्रति में |
| 3 | ई.टी.आर. की कॉपी प्रत्येक चिहिन्त महाविद्यालय को प्रेषित करना। | सॉफ्ट कापी | |
| 4 | टेबुलेशन रजिस्टर की पी.डी.एफ. फाइल एवं डॉटा बेस फाईल Dbase/Ms Access/Excell | डी.व्ही.डी. में एवं विश्वविद्यालय द्वारा दर्शित वेबसाईट | 01 प्रति में |
| 5 | रिजल्ट अपलोड करने के लिए डाटा Dbase/Ms Access/Excell | डी.व्ही.डी. में एवं विश्वविद्यालय द्वारा दर्शित वेबसाईट | 01 प्रति में |
| 6 | प्रत्येक विद्यार्थी की अंकसूची (मार्कशीट) फोटो एवं सिक्यूरिटी फीचर के साथ (प्रि-प्रिन्टर स्टेशनरी पर) विश्वविद्यालय के मानक अनुसार | अंकसूची का कागज Non Tearable 200-200 GSM Thickness Synthetic Resing paper made of polyethylene terephthalate साईज ए-4 होना चाहिए। | 01 प्रति में |
| 7 | प्रत्येक विधयार्थी की अंक सूची हुबहु (जैसी विश्वविध्यालय दवारा प्रदान की जाती है) वेब साइट पर रिजल्ट घोषित होने के साथ ही उपलब्ध करानी होगी, जिसे विदयार्थी चाहे तो रंगीन कलर मे प्रिन्ट | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कर सकेगा। | | |
| 8 | प्रत्येक विद्यार्थी जो अंतिम वर्ष की परीक्षा मे पास हुआ हो उसकी डिग्री हुबहु (जैसी विश्वविध्यालय द्वारा प्रदान की जाती है) वेब साइट पर रिजल्ट घोषित होने के साथ ही उपलब्ध करानी होगी, जिसे विद्यार्थी रंगीन कलर मे प्रिन्ट कर सकेगा। | | |
| 9 | मेरिट लिस्ट | 70 जी.एस.एम. पेपर पर | 04 प्रति में |
| 10 | मेरिट सर्टिफिकेट तैयार करके देना होगा। इस कार्य हेतु सर्टिफिकट फार्मेट विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा। | 100-105 Parchment Paper | 01 प्रति में |
| 11 | संख्यिकी (स्टेटिस्टीक्स) विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त फार्मेट अनुसार | 70 जी.एस.एम. पेपर एवं डी. व्ही.डी. में | 02 प्रति में |
| 12 | निविदाकर्ता को सभी तरह की ओ.एम.आर शीट रीड कराना एव डाटा फाईल बनाने का कार्य विश्वविद्यालय परिसर में करना होगा । इस कार्य हेतु आवश्यक उपकरण एवं कर्मचारी निविदाकर्ता को उपलब्ध कराना होगा । | | |
| 13 | विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा/गोपनीय शाखा की आवश्यकतानुसार जानकारी/रिपोर्ट | 70 जी.एस.एम. पेपर | 02 प्रति में |
| 14 | डुप्लीकेट अंक सूची बना कर देना होगा। जिसका डाटा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय किया जावेगा। | अंकसूची का कागज Non Tearable 200 GSM Thickness Synthetic Resing paper made of polyethylene terephthalate साईज ए-4 होना चाहिए। | 01 प्रति में |
| 15 | संशोधित अंक सूची तैयार कर उपलब्ध करानी होगी। | अंकसूची का कागज Non Tearable 200 GSM Thickness Synthetic Resing paper made of polyethylene terephthalate साईज ए-4 होना चाहिए। | 01 प्रति में |
| 16 | डिजीलॉकर में डाटा अपडेट करते हुए उनके द्वारा चाहे गए अंकसूची के फॉर्मेट, डिग्री के फॉर्मेट में ट्रांसक्रिप्ट आदि के फॉर्मेट में डाटा उपलब्ध करवायेगें | | |
| 17 | एआईएसएचई हेतु प्रति वर्ष चाहे गए एआईएसएचई के फॉर्मेट में डाटा उपलब्ध करवायेगे। | | |
| 18 | एबीसी के फॉर्मेट में एनईपी का डाटा उपलब्ध करवाना एवं उसमें इंटीग्रेशन की व्यवस्था होना चाहिए। | | |
| 19 | डिजीलॉकर में समय-समय पर जो अपडेट होते है उनको डिजीलॉकर में अपडेट करने के लिए इंटीग्रेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। | | |
| 20 | सभी कोर्स की स्कीम का मास्टर एवं डैशबोर्ड की व्यवस्था करनी होगी। | | |
| 21 | समस्त डाटा क्लाउड पर अपलोड करने का कार्य करेगे। | | |
| 22 | रिजल्ट प्रोसेसर थ्योरी,सेशनल,प्रेक्टिकल,इंटरनल, वायवा के मार्क्स को ऑन-लाईन जमा करने की व्यवस्था करेगें। | | |
| 23 | जो परीक्षाए ओ.एम.आर. के माध्यम से संपन्न होगी वह ओ. एम.आर. ऑन-लाईन छात्रों को उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था करना होगी।(क्लाउड पर देखने के लिए) | | |

24 **रीजल्ट संबंधित एम.आइ.एस. एवं अतिरिक्त कार्य :**

विशेष समरी एवं एम.आई.एस – परीक्षा पूर्व :

- न्यूमेरिकल रिटर्न – रोल लिस्ट डाटा अनुसार
- न्यूमेरिकल रिटर्न – टाइम टेबल के अनुसार किस दिन किस समय किस विषय के पेपर मे किस केन्द्र पर कितने छात्र/छात्राये परीक्षा में बैठेंगे ।
- नवीन परीक्षा पद्धति से अंडर ग्रेजुऐशन की सभी परीक्षाओं में किस विषय के पेपर में कितने छात्र/छात्राये बैठेंगे ।
- जिला, कॉलेज, दिनांक, शिफ्ट अनुसार किस केन्द्र पर किस विषय के पेपर में कितने छात्र/छात्राये बैठेंगे ।
- जिला परीक्षा केन्द्र, दिनांक, शिफ्ट अनुसार किस विषय के पेपर में कितने छात्र/छात्राये बैठेगे।
- जिला परीक्षा तिथि, परीक्षा केन्द्र, शिफ्ट अनुसार किस विषय के पेपर में कितने छात्र/छात्राये बैठेगे।
- अंडर ग्रेजूऐशन वर्षवार क्लास वार, विषय वार, छात्र संख्या

विशेष समरी एवं एम.आई.एस – परीक्षा पश्चात :

- परीक्षा वार, रजिस्टर्ड, अपीयर्ड, मेल, फिमेल पास छात्र/छात्राओं की सूची ।
- कारट वाईज रजिस्टर्ड, अपीयर्ड, मेल, फिमेल पास छात्र/छात्राओं की सूची ।
- मेरिट लिस्ट टॉप 10/20
- गोल्ड मेडल लिस्ट फाईनल इयर छात्र/छात्रा
- मेरिट लिस्ट फाइनल इयर
- मेरिट सर्टिफिकेट

सॉफ्ट डाटा फाईल :

- रिजल्ट फाइल **यूनिवर्सिटी** वेब साइट (नेट) के लिए
- कम्प्लीट डाटा फाइल डी.जी लॉकर के लिए

## भाग–5 रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य की वित्तीय निविदा का विवरण

रिजल्ट प्रोसेसिंग (परीक्षा पूर्व तथा पश्चात) किए जाने वाले कार्य की वित्तीय निविदा प्रपत्र ए–2 में निम्न विवरण अनुसार दरें आमंत्रित की गई है।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:–

| | |
|---|---|
| 01 | **परीक्षा पूर्व कार्यः–**<br>ओ.एम.आर. शीट वाले परीक्षा आवेदन पत्र से रोल लिस्ट समरी, परीक्षा केन्द्र एवं विषयवार न्यूमेरिकल्स तथा प्रवेश पत्र जिसमें छात्र की सम्पूर्ण जानकारी निविदा में विवरण अनुसार।<br>अथवा<br>बगैर ओ.एम.आर. शीट वाले परीक्षा आवेदन पत्र से रोल लिस्ट समरी, परीक्षा केन्द्र एवं विषयवार न्यूमेरिकल्स तथा प्रवेश पत्र जिसमें छात्र की सम्पूर्ण जानकारी निविदा में विवरण अनुसार।<br>अथवा<br>ऑन–लाईन आवेदन फार्म से रोल लिस्ट समरी, परीक्षा केन्द्र एवं विषयवार न्यूमेरिकल्स तथा प्रवेश पत्र जिसमें छात्र की सम्पूर्ण जानकारी निविदा में विवरण अनुसार।<br>अथवा<br>ऑन–लाईन आवेदन फार्म से रोल लिस्ट केन्द्र एवं विषयवार न्यूमेरिकल्स तथा प्रवेश पत्र जिसमें छात्र की सम्पूर्ण जानकारी निविदा में विवरण अनुसार। |
| 02 | **परीक्षा पश्चात कार्यः–**<br>उत्तरपुस्तिका की ओ.एम.आर. शीट (A,B & C Part)से स्केन द्वारा प्राप्तांक लेकर एवं ऑन–लाईन सी.सी.ई. /प्रेक्टिकल/प्रोजेक्ट के अंक महाविद्यालय से प्राप्त कर परीक्षा परिणाम तैयार करना एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे टेबुलेशन रजिस्टर, रिजल्ट शीट,मार्कशीट आदि का मुद्रण निविदा में दिए गए विवरणानुसार<br>अथवा<br>पर्ण/प्रतिपर्ण से प्राप्तांक लेकर एवं ऑन–लाईन सी.सी.ई./प्रेक्टिकल/प्रोजेक्ट के अंक लेकर परीक्षा परिणाम तैयार करना एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे टेबुलेशन रजिस्टर, रिजल्ट शीट,मार्कशीट आदि का मुद्रण निविदा में दिए गए विवरणानुसार। |
| 03 | **सभी परीक्षाओ/ विषयों की अंक सूची डिजिटल फॉर्मेट मे मूल अंक सूची अनुसार प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए ऑन लाइन उपलब्ध करना। इसमे छात्र/छात्रा के परीक्षा परिणाम और क्रेडेंसीयल की गोपनीयता का ध्यान रखना होगा।** |
| 04 | **सभी परीक्षाओ/ विषयों के अंतिम वर्ष के आधार पर ऑन–लाईन डिग्री रंगीन मूल डिग्री अनुसार 5 वर्ष तक प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए ऑन लाइन उपलब्ध करना। इसमे छात्र/छात्रा के परीक्षा परिणाम और क्रेडेंसीयल की गोपनीयता का ध्यान रखना होगा।** |
| 05 | **फाउण्डेशन कोर्स की सभी ओ.एम.आर शीट ( दो (02) ओ.एम.आर शीट प्रति छात्र) परीक्षा पश्चात छात्र/छात्रा को Review हेतु ऑन लाइन उपलब्ध कराना। कम से कम छः माह के लिए (मुख्य एवं पूरक परीक्षा दोनों के लिये ) इसमे छात्र/छात्रा के परीक्षा परिणाम और क्रेडेंसीयल की गोपनीयता का ध्यान रखना होगा।** |
| 06 | वित्त निविदा में पेरा 03,04, एवं 05 में जो भी कार्य की दरे माँगी गई है उसके अलावा भी आवश्यकता नुसार रिपोर्ट माँगी जा सकती है । जिसे बनाना अनिवार्य होगा । |

टीपः– प्रपत्र ए–2 में सभी कार्यो की दर माँगी गई है एवं क्वांटिटी भी दर्शाई गई है । इसलिये पूर्ण वर्ष में कुल खर्च में जिस भी फर्म की न्यूनतम राशि होगी उसे ही प्राथमिकता दी जावेगी ।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र ए–1

प्रति,

कुलसचिव

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– **रिजल्ट प्रोसेसिंग (परीक्षा पूर्व तथा पश्चात) कार्य हेतु प्रथम निविदा : 2025** बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता। | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

**प्रमाण – पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3", "4" "5" एवं 6 दर्शित शर्तो के अनुसार रिजल्ट प्रोसेसिंग (परीक्षा पूर्व तथा पश्चात कार्य) हेतु निविदा वर्ष 2025 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**शपथ पत्र**
**रू0 500—00 के स्टाम्प पेपर पर**
**नोटरी से सत्यापित**

मैं————————————द्वारा प्रोप्राइटर/ पार्टनर/ डायरेक्टर/ मेसर्स———————————— निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:—

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं। पूर्व में ब्लैक लिस्टिंग के संबंध में सभी जानकारियॉ प्रदान की जा रही है और इस शपथ पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। मै घोषणा करता हूँ और स्वीकार करता हूँ कि यदि मेरे द्वारा यहा प्रदान की गई जानकारी के अलावा कोई भी जानकारी विश्वविद्यालय के संज्ञान में आती है तो मेरी निविदा निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास होगा।

(2) यह कि फर्म निविदा में दी गई सभी शर्तो को पूर्ण करती है।

(3) यह कि फर्म की रीजल्ट प्रोसेसिंग संबंधी कार्य में कोई भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/अर्द्धशासकीय संस्था/अशासकीय उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(5) फर्म के विरूद्ध किसी भी थाने मे कोई भी आपराधिक प्रकरण पंजीकृत नही है।

(6) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (6) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

भाग–6 दस्तावेजों (फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित) की स्केन कॉपी अपलोड की जाना हैं।

| सं.क्र. | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 10,000–00 जमा रसीद |
| 02 | निविदा प्रतिभूति राशि रूपये 6,00,000–00 जमा रसीद |
| 03 | **अनुभवः–**<br>फर्म द्वारा पिछले पॉच **शैक्षणिक** वर्षो (2020–21, 2021–22, 2022–23, 2023–24, 2024–25) में शासकीय/अर्द्धशासकीय/मान्यता प्राप्त संस्थाओं हेतु न्यूनतम 2 राज्यस्तरीय/राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 3 लाख विद्यार्थियों के रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य किन्ही तीन वर्षो में किया हो। संबंधित संस्था को सफलतापुर्वक कार्य पूर्ण करने का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। यदि फर्म द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य किया है तो यह कार्यादेश/प्रमाण पत्र भर कर संलग्न करें। |
| 04 | **टर्न ओवरः–**<br>पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) में न्यूनतम रू. 04 करोड़ का टर्न ओवर प्रतिवर्ष का होना अनिवार्य हैं। **फर्म को टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।** |
| 05 | **इनकम टेक्सः–**<br>विगत तीन वित्तीय वर्षो (2021–22, 2022–23, 2023–24) का इनकम टैक्स रिटर्न की प्रति प्रस्तुत करें। |
| 06 | **ब्लैकलिस्टः–**<br>निविदाकर्ता फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/ मान्यता प्राप्त संस्थाओं अथवा इण्डस्ट्री से कभी भी ब्लैक लिस्टेड/प्रतिबंधित नहीं होना चाहिए। ब्लैक लिस्टेड के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी यदि है तो प्रदान करना अनिवार्य है। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, तथा शपथ पत्र में सभी निर्धारित शर्तो का पालन निविदाकर्ता द्वारा किया गया है के संबंध में भी उल्लेख होना चाहिए। शपथ पत्र रू0 500–00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। (शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं।) |
| 07 | वैध जी.एस.टी. (GST) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 08 | आयकर (PAN) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। |
| 09 | संस्था/फर्म/कंपनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 10 | **कार्यरत स्टाफः–** निविदाकर्ता के पास कम से कम 100 नियमित कर्मचारी कार्यरत होना चाहिए। उनका ई.एस.आई./ई.पी.एफ. क्रमांक सहित जमा का प्रमाण पत्र मार्च 2025 या उसके आगे का संलग्न करें। |
| 11 | निविदाकर्ता के पास आई.एस.ओ. 27001:2022 एवं 9001:2015 अथवा अद्यतन प्रमाण पत्र तथा CMMI Level III प्रमाण पत्र होना चाहिए। प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें। |
| 12 | निविदा कर्ता को रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य की तकनीकी प्रक्रिया जिसमे प्रत्येक कार्य करने का |

| | |
|---|---|
| | तरीका लिखा हो लगभग 4 से 5 पेज मे हो, संलग्न करे। |
| 13 | निविदाकर्ता के पास लगभग 50 लाख मूल्य की नेट वर्थ दिनांक 31.03.2024 की स्थिति में होना चाहिये । जिसे CA से सत्यापित कराकर निविदा के साथ प्रस्तुत करे ।। |
| 14 | निविदा कर्ता को कम से कम 3 लाख ओ एम आर रीडिंग के अनुभव का किसी विश्वविध्यालय का सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा। |
| 15 | निविदा कर्ता को किसी शासकीय कार्यालय का ऑन लाईन पेमेंट लेने का सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा। |
| 16 | प्रपत्र ए-1 संलग्न करे। |

नोटः– निविदाकर्ता द्वारा संलग्न किए जाने वाले समस्त दस्तावेजों पर नंबरिंग कर अपलोड किया जाना आवश्यक होगा।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
प्रपत्र ए–2
(वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| स.क्र | रिजल्ट प्रोसेसिंग परीक्षा पूर्व तथा पश्चात का विवरण निविदा के भाग–3, 4 एवं 5 में दिए विवरण अनुसार | दर रु में 'अ' | युनीट 'ब' | संख्या 'स' | कुल राशि 'द' |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | परीक्षा पूर्व की दर (सभी तरह की एम.आई.एस, सांख्यकीय वगैरह सहित) | | प्रति छात्र | 5,00,000 | |
| 02 | परीक्षा पश्चात की दर (सभी तरह की एम.आई.एस, डाटा सबमिशन, विश्वविद्यालय भवन में कर्मचारी लगाकर ओ.एम.आर स्केन करना, वैलूएशन, करना इत्यादी<br>उत्तर पुस्तिका वैलूएशन प्रबन्धन एवं पेमेन्ट सिस्टम डेवलोप करना एवं सभी परीक्षकों का पेमेन्ट करना । | | प्रति छात्र | 5,00,000 | |
| 03 | सभी परीक्षाओ/ विषयों की अंक सूची डिजिटल फॉर्मेट मे मूल अंक सूची अनुसार प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए ऑन लाइन उपलब्ध करना। | | प्रति माह | 12 माह | |
| 04 | सभी परीक्षाओ/ विषयों के अंतिम वर्ष के आधार पर ऑन–लाईन डिग्री रंगीन मूल डिग्री अनुसार 5 वर्ष तक प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए ऑन लाइन उपलब्ध करना। | | प्रति माह | 12 माह | |
| 05 | फाउण्डेशन कोर्स की सभी ओ.एम.आर शीट ( दो (02) ओ.एम.आर शीट प्रति छात्र) परीक्षा पश्चात छात्र/छात्रा को Review हेतु ऑन लाइन उपलब्ध कराना। | | प्रति माह | 12 माह | |

**उपरोक्त दरों के अलावा GST एवं अन्य कोई कर यदि विश्वविध्यालय को देय हो तो उसका विवरण नीचे देवे।**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कर का नाम एवं दर | |
| 02 | कर का नाम एवं दर | |
| 03 | कर का नाम एवं दर | |

नोट: उपरोक्त कार्यो मे क्लाउड एवं अन्य सर्वर के चार्जेस सम्मिलित होंगे। अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।